अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविदयालय)
ग्राममुगालिया कोट -I (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष/ 0755-2558606 , वेब स्थल/www.abvhv.edu.in

क्रमांक/ भण्डार. /21/62 भोपाल, दिनांक -: 21-11-26

अल्पकालिक

//निविदा आमंत्रण// नि.क्र. 2026/02

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का सप्तम दीक्षांत समारोह दिनांक 25/12/2026 को आयोजित होने जा रहा है। दीक्षांत समारोह में विशेष आमंत्रित अधिकारियों/ साधारण परिषद सदस्य/ कार्यपरिषद सदस्य आदि के लिए गणवेश उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रपत्र का मूल्य 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) तथा निविदा की प्रतिभूति (अर्नेस्ट मनी) 2000 /- (दो हमार रू मात्र) विश्वविद्यालय के बैंक ऑफ बड़ौदा खाता क्रमांक 13430100012347 आई.एफ.एस.सी. कोड BARB0SUKHIS सूखी सेवनिया, भोपाल के खाते में जमा कर मूल रसीद निविदा के साथ संलग्न करें। निविदा कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय ग्राम मुंगालिया कोट, सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल को प्रस्तुत करें।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब स्थल पर दी जाएगी।

निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है -

स.क्र.	विवरण	दिनांक
1	निविदा प्रकाशन की तिथि	21.11.2026
2	निविदा वेबस्थल से डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि	21/11/2026
3	निविदा विश्वविद्यालय के कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय (निविदा रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से भी भेजी जा सकती है।)	04/12/2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक।
4	निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान	05/12/2026 अपरान्ह 3:00 बजे विश्वविद्यालय कार्यालय में वित्त अधिकारी का कक्ष।

Saati

प्रदाय की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नानुसार है -:

स.क्र.	विवरण	अनुमानित संख्या
1	कुर्ता पैजामा सेट (प्योर सेंचुरी कॉटन/ लेनिन कॉटन 60 Lee) सफेद/ऑफ व्हाईट	40
2	जैकेट लेनिन कॉटन (ऑफ व्हाईट)	40

निविदा खोले जाने हेतु निर्धारित दिनांक को किन्हीं कारणों से यदि निविदा नहीं खोली जा सकी तो नियत समय एवं स्थान पर आगामी कार्य दिवस को खोली जावेगी।

निविदा जमा करने हेतु निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

टेंडर प्रक्रिया:-

प्रतिष्ठित फर्म द्वारा तकनीकी निविदा एंव वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफो में सील कर तीसरे लिफाफे में बंद करते हुए कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, मुगालिया कोट, सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल को निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।

1. तकनीकी निविदा के लिफाफे में निम्नांकित दस्तावेज रखना आवश्यक है-

(अ) तकनीकी निविदा प्रपत्र-I

(ब) निविदा प्रपत्र एवं निविदा सुरक्षा निधि जमा करने की रसीदें।

(स) फर्म द्वारा पूर्व वर्षों में विश्वविद्यालयों /शैक्षणिक संस्थाओं में गणवेश सप्लाई करने का अनुभव (कार्यादेशों) की प्रति संलग्न करें।

(द) पिछले तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर 10 लाख रुपए होना अनिवार्य है। पिछले तीन वर्षों की बैलेंस शीट तथा अंकेक्षित लेखा संलग्न करें।

(ई) कुर्ता पैजामा एंव जैकेट हेतु कपडे का सेम्पल संलग्न करें।

2. वित्तीय निविदा प्रपत्र-II में भरकर संबधित लिफाफे में सील करें तथा लिफाफे के ऊपर वित्तीय निविदा अंकित करें।

उपरोक्त दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में रखकर सील करते हुए कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,भोपाल को प्रेषित करें।

Swati

निविदा संबंधी शर्तें एवं जानकारी -:

1. संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था हेतु गणवेश निर्माण का कार्य किया गया हो संबंधित संस्था का कार्यादेश के प्रमाण पत्र की छांयाप्रति प्रमाण स्वरूप विश्वविद्यालय में निविदा के साथ जमा करनी होगी।
2. पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में न्यूनतम 10 लाख रूपये प्रति वर्ष का टर्नओवर अनिवार्य है। फर्म/संस्था के टर्नओवर की चार्टड अकाउंटेंट से प्रमाणित छांयाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। इन वर्षों के अंकेक्षित लेखे बैलेंस शीट भी संलग्न करें साथ ही पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के इनकम टैक्स रिटर्न की छांयाप्रति भी संलग्न करें।
3. निविदा में भाग लेने वाली फर्म /संस्था किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
4. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगा कर हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
5. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र पर ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू 500 -/वापसी योग्य नहीं है।
6. सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा एवं निष्पादन प्रतिभूति (परफॉरमेंस गॉरंटी) रू 10000/- (शब्दों में रूपये दस हजार मात्र) जमा करनी होगी। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (परफॉरमेंस गॉरंटी) की राशि को राजसात किया जा सकेगा।
7. निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले बिल में देय टैक्स की दर प्रथक से प्रस्तुत करें।
8. निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत /अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
9. सामग्री का प्रदाय अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय, भोपाल में स्वयं के व्यय पर करना होगा।
10. गणवेश रखने का थैला फर्म द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।
11. गणवेश की गुणवत्ता एवं शुद्धता संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति गणवेश के साथ संलग्न करें।
12. निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार गणवेश प्रदाय करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा। गणवेश की शुद्धता एवं गुणवत्ता का उत्तदायित्व फर्म का होगा।
13. निविदा के साथ एक प्रमाण पत्र संलग्न करें, जिसमें लिखा होना चाहिए '' प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स .....द्वारा विश्वविद्यालय की निविदा में दर्शित स्पेसिफिकेशन अनुसार गणवेश प्रदाय किये जावेंगे। यदि स्पेसिफिकेशन अनुसार गणवेश नही पाए जाते हैं तो विश्वविदयालय को यह अधिकार होगा कि वह हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट कर कानूनी कार्यवाही कर सके।
14. प्राप्त गणवेश की गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाएगा तथा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही भुगतान किया जावेगा।
15. गणवेश में किसी भी प्रकार की खरावी होने पर प्रदायकर्ता को स्वयं के व्यय पर वापिस लेना होगा।
16. निविदा में सफल फर्म को कार्यादेश जारी होने के सात दिवस के अन्दर कार्यादेश मे दर्शित संख्या में गणवेश विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने होंगे।
17. गणवेश की संख्या में कमी या वृद्धि संभावित है। टैक्स की दर पृथक से दर्शाई जावे।
18. फर्म की जीएसटी नम्बर एवं वैध रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा पेन नम्बर की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

Swati

19. निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलगुरु अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

20. निविदकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने का अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

21. निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलगुरु अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

22. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्रधिकारी भोपाल न्यायालय होगा।

Swati

(श्रीमती स्वाति वशिष्ठ)

कुलसचिव

तकनीकी निविदा (प्रपत्र-01)

प्रति,

कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,
भोपाल(म.प्र.)

विषय:- गणवेश प्रदान करने हेतु निविदा वर्ष 2026 बावत्।

निवेदन है कि हमारी संस्था/फर्म की जानकारी निम्नानुसार है :-

सं. क्र.	विवरण	
1	फर्म का नाम	
2	पत्र व्यवहार का पता	
3	फर्म के प्रतिनिधि का नाम	
4	पद का नाम	
5	दूरभाष नम्बर	
6	ई-मेल एड्रेस	

1 प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में दर्शित शर्तों के अनुसार गणवेश प्रदान हेतु निविदा वर्ष 2026 का कार्य पूर्णत: करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते/करता हूं।

2 उक्त प्रपत्र को पृथक लिफाफे में रखकर ''तकनीकी निविदा'' अंकित करें।

Swati

दिनांक :-

हस्ताक्षर एवं सील

वित्तीय निविदा (प्रपत्र 02)

फर्म का नाम		
पता		
सम्पर्क फोन नं.		

दरें :

क्र	विवरण	साइज	दर(रु)
1.	कुर्ता- पायजामा सेट (सेन्चुरी कॉटन) (सफेद/ऑफ व्हाईट)	38 40 42 44	
2.	कुर्ता- पायजामा सेट (लेनिन कॉटन) (सफेद/ऑफ व्हाईट)	38 40 42 44	
3.	जैकेट (लेनिन कॉटन) ऑफ व्हाईट	38 40 42 44	

Swati

फर्म /संस्था के अधिकृत हस्ताक्षर

सील .....